ड्राफ्ट आदाता द्वारा पृष्ठांकित किए गए थे और बैंक द्वारा उनका भुगतान सामान्य समाशोधन के माध्यम से कर दिया गया था। फिर भी, शिकायत प्राप्त होने पर, पंजाब नेशनल बैंक, माडल टाउन शाखा के परामर्श से, जिसके जरिए ये ड्राफ्ट समाशोधन के लिये पृष्ठांकित किए गए थे, मामले की जांच की जा रही है।

बस्तर, मध्य प्रदेश में डोलामाइट परियोजना

2227. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल : क्या इस्पात और खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बस्तर, मध्य प्रदेश में प्रस्तावित डोलोमाइट परियोजना के निर्माण कार्य में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश सरकार ने काकरघाटी में डोलोमाइट खनन संबंधी पट्टा देने से इन्कार कर दिया है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पंत) : (क) मचकोट डोलोमाइट परियोजना के लिए खनन पट्टा लेना संभव नहीं है क्योंकि डोलोमाइट के निक्षेप आरक्षित वन-क्षेत्र में हैं, जहां बढ़िया किस्म के साल वृक्ष है। इस बात को देखते हुए प्रस्तावित डोलोमाइट परियोजना के निर्माण की प्रगति का प्रश्न नहीं उठता।

(ख) और (ग) नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन ने काकरघाट क्षेत्र में किसी खनन पट्टे के लिए आवेदन नही दिया है।

मैसर्स प्रोग्रेसिव कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद के विरुद्ध आरोप

2228. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल : क्या वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस आशय की शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि मैसर्स प्रोग्रसिव कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने राष्ट्रीकृत बैंकों से और मध्य प्रदेश सरकार से धोखाधड़ी और अनियमित तरीकों से ऋणों की बड़ी राशि प्राप्त की है ;

(ख) क्या उक्त कम्पनी पर भारी कर अपवंचन का दोष भी लगाया गया है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कम्पनी के मामलों की कोई जांच कर रही है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (ग) सरकार को इस फर्म के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई हैं और मामले की जांच करवाई गई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की गई जांच से यह पता चला है कि इस एकक के और इसकी सम्बद्ध कम्पनियों के कुछ बैंकों में जो खाते हैं वे संतोषजनक नहीं है। सम्बद्ध बैंक इस मामले में आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई कर रहे हैं। जहां तक भारी रकमों की करों की चोरी का संबंध है इस समूह से सम्बद्ध सभी मामले एक ही स्थान पर गहराई से और समन्वित रूप से जांच किए जाने के लिए केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा इक्ट्ठे कर दिए गए है।

2259. [*Transferred to the 16th December, 1985.*]

Exports of essential commodities

2260. SHRIMATI KANAK MUKHERJEE: Will the Minister of COMMERCE be peased to state the quantity and value of exports during the years 1980-81, 1981-82, 1982-83, 1983-84, 1984-85 (upto September; 1985) of superfine, fine, medium and coarse varieties of rice, sugar, steel cement, other food products, fish, meat and other commodities of daily use?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI KHURSHID ALAM KHAN):